संपादकीय

## चुनाव प्रणाली की साख पर तो सवाल

गंभीर सवाल पर अगंभीर नजरिया अनुचित है। इससे चुनाव प्रणाली की साख पर तो सवाल उठेंगे ही, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव से संबंधित व्यापक प्रश्नों को भी क्षति पहुंचेगी। बेहतर होगा कि पार्टी हरियाणा में अपनी रणनीति और संगठन की खामियों पर ध्यान दे।

कांग्रेस के राजधानी स्थित प्रवक्ताओं ने हरियाणा के चुनाव नतीजों को अस्वीकार कर दिया है। भाजपा की जीत के बाद जयराम रमेश और पवन खेड़ा ने कहा कि यह हेरफेर के जरिए हासिल की गई जीत है। मगर हरियाणा में पार्टी दो दिग्गज नेताओं- भूपिंदर सिंह हुड्डा और कुमारी शैलजा ने कांग्रेस की हार को स्वीकार किया है। हुड्डा ने कहा है कि विरोध जताते हुए वे इसे स्वीकार कर रहे हैं, जबकि शैलजा ने हार का पूरा ठीकरा प्रदेश इकाई के सिर फोड़ा है। उधर कर्नाटक के प्रमुख कांग्रेस नेता डीके शिवकुमार ने भी हरियाणा के जनादेश को स्वीकार किया है।

इसलिए भ्रम पैदा हुआ है कि हरियाणा के चुनाव परिणाम पर पार्टी की असल राय क्या है? निर्विवाद है कि भारत में चुनाव भले स्वतंत्र हों, लेकिन निष्पक्ष नहीं हो रहे हैं। पैसा, प्रचार तंत्र, और निर्वाचन आयोग जैसी निर्णायक संस्थाओं के एक पार्टी की तरफ पूरे झुकाव ने प्रतिस्पर्धा का समान धरातल नहीं रहने दिया है। लोकसभा चुनाव के बाद वोट फॉर डेमोक्रेसी नामक एक एनजीओ ने अपनी अध्ययन रिपोर्ट में दावा किया कि जिन 240 सीटों पर भाजपा जीती, उनमें से 79 पर अंतर उन वोटों से पड़ा, जिन्हें मतदान के दिन के बाद निर्वाचन आयोग ने बढ़ाकर बताया था। मगर कांग्रेस पार्टी ने ऐसे सवालों को कभी-कभार ही उठाया है। उसने कभी इसे पूरी शिद्दत से नहीं उठाया, ना ही इनको लेकर कभी सुसंगत एवं निरंतर जन अभियान चलाया है।

अभी भी ऐसा नहीं लगता कि इस मुद्दे पर पार्टी के अंदर कोई गंभीर विचार-विमर्श हुआ है या उसका इरादा इसे जनता के बीच ले जाने का है। गंभीर सवाल पर अगंभीर नजरिया अनुचित है। इससे चुनाव प्रणाली की साख पर तो सवाल उठेंगे ही, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव से संबंधित व्यापक प्रश्नों को भी क्षति पहुंचेगी। इसके विपरीत बेहतर होगा कि पार्टी हरियाणा में अपनी रणनीति और संगठन की खामियों पर विचार करे। सोशल मीडिया पर सियासत करने के बजाय जमीनी राजनीति पर ध्यान देना बेहतर होगा। सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर्स की बनाई धारणा पर यकीन कर लेने के बजाय धरातल से फीडबैक का अपना सिस्टम बनाना सही नजरिया होगा।

## होंढा ने लॉन्च की फ्लैक्स-फ्यूल से चलने वाली पहली बाइक सीबी 300 एफ

मुंबई

होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने आज देश की पहली फ्लैक्स-फ्यूल से चलने वाली बाइक सीबी300एफ को लॉन्च कर दी है। यह भारत की पहली 300सीसी फ्लैक्स-फ्यूल मोटरसाइकिल है। ग्राहक अब अपने डीलरशिप पर 2024 होंडा सीबी300एफ फ्लैक्स-फ्यूल बुक कर सकते हैं। इस बाइक कीमत 1,70,000 रुपये (एक्स-शोरूम, दिल्ली) रखी गई है। यह बाइक 293.52, ऑयल-कूल्ड, 4 स्ट्रोक, सिंगल-सिलेंडर पीजीएम-एफआई इंजन से लैस है जो ई85 ईंधन (85प्रतिशत इथेनॉल और 15प्रतिशत गैसोलीन) के लिए अनुकूल है। यह 18.3 केवी की पावर और 25.9 एनएम का पीक टॉर्क पैदा करती है। बाइक का इंजन 6-स्पीड गियरबॉक्स से जुड़ा है। इसमें एक असिस्ट स्लिपर क्लच भी है, जिससे गियर जल्दी शिफ्ट होते हैं और गियर बदलते समय रियर व्हील हॉपिंग को रोकता है।



**बेहतरीन हैंडलिंग और आधुनिक तकनीक**

सीबी300एफ फ्लेक्स-फ्यूल में दोनों चक्के में डिस्क ब्रेक (276 मिमी फ्रंट और 220 मिमी रियर) डुअल-चैनल एबीएस और होंडा के सेलेक्टेबल टॉर्क कंट्रोल मिलते हैं। इसके अलावा, यूएसडी फ्रंट फोर्क और 5-स्टेप एडजस्टेबल रियर मोनो शॉक सस्पेंशन, आरामदायक राइडिंग अनुभव प्रदान करते हैं। इसके अलावा, इसमें ऑल-एलईडी लाइटिंग सिस्टम है। सीबी300एफ का फुल डिजिटल इंस्ट्रूमेंट पैनल 5 लेवल की कस्टमाइज़ेबल ब्राइटनेस के साथ आता है और स्पीडोमीटर, ओडोमीटर, टैकोमीटर, फ्यूल गेज, ट्विन ट्रिप मीटर, गियर पोजिशन इंडिकेटर और एक घड़ी जैसी जानकारी प्रदर्शित करता है। इसमें एक इंटेलिजेंट इथेनॉल इंडिकेटर भी है, जो वाहन में उच्च इथेनॉल सामग्री वाले गैसोलीन (85 से अधिक) से भरे होने पर चमकता है।

**कीमत, रंग और उपलब्धता**

2024 होंडा सीबी300एफ फ्लेक्स-फ्यूल एक ही वैरिएंट और दो रंग विकल्पों - स्पोर्ट्स रेड और मैट एक्सिस ग्रे मेटैलिक में उपलब्ध होगा। इसकी आकर्षक कीमत 1,70,000 रुपये (एक्स-शोरूम, दिल्ली) रखी गई है। बुकिंग अब शुरू हो गई है, और यह अक्टूबर 2024 के आखिरी हफ्ते से देश भर में सभी होंडा बिग विंग डीलरशिप पर उपलब्ध होगी।

## बुमराह को छोड़ बेदम रहे बाकी गेंदबाज, न्यूजीलैंड ने बेंगलुरु टेस्ट से जीता 8 विकेट

बेंगलुरु




भारत और न्यूजीलैंड के बीच बेंगलुरु में खेले जा रहे टेस्ट के 5 वें दिन का खेल जल्द शुरू होने वाला है. भारत के पास 107 रन को डिफेंड करने की चुनौती है. बारिश की और आउट फिल्ड के गिला होने की वजह से मैच 5 वें दिन भी निर्धारित समय से न शुरू नहीं हो सका. मैच 10:15 में शुरु हुआ. मैच शुरू होते ही दिन की दूसरी गेंद पर जसप्रीत बुमराह ने टॉम लैथम को आउट कर पहली सफलता दिलाई. इसके बाद उन्होंने डेवन कॉन्वे को भी आउट किया लेकिन इसके बाद कीवी टीम का कोई विकेट नहीं गिरा. विल यंग और रचिन रवींद्र ने नाबाद 75 रन की साझेदारी करते हुए टीम को 8 विकेट से जीत दिला दी.

बेंगलुरु टेस्ट में न्यूजीलैंड ने भारत को 8 विकेट से हरा दिया है. जसप्रीत बुमराह ने शून्य और 35 के स्कोर पर कीवी टीम को 2 झटके दिए थे लेकिन उसके बाद रचिन रवींद्र और विल यंग ने 75 रन की साझेदारी कर टीम को 8 विकेट से जीत दिला दी. यंग 38 और रवींद्र 39 पर नाबाद रहे.

जसप्रीत बुमराह ने न्यूजीलैंड को दूसरा झटका दे दिया है. डेवन कॉन्वे 17 रन बनाकर 35 के स्कोर पर आउट हुए. बुमराह ने ही भारत को पहली सफलता भी दिलाई थी.

## सचिन ने आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल होने पर कुक, डेविड, एबी डिविलियर्स को दी बधाई

**नई दिल्ली।** एलेस्टेयर कुक, नीतू डेविड और एबी डिविलियर्स को आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया है। ये तीनों हॉल ऑफ फेम के 113वें, 114वें और 115वें सदस्य हैं। भारत के दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर तीनों खिलाड़ियों के योगदान की सराहना की है।

नीतू डेविड भारत की पूर्व बाएं हाथ की बल्लेबाज हैं, जिन्होंने भारत के लिए 10 टेस्ट खेलने के अलावा 97 वनडे मैच भी खेले हैं। वह डायना एडुल्जी के बाद आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल होने वाली दूसरी भारतीय महिला हैं।

एलेस्टेयर कुक इंग्लैंड के पूर्व कप्तान और बाएं हाथ के ओपनिंग बल्लेबाज हैं। कुक ने 161 टेस्ट मैचों में 12,472 रन बनाए हैं। उन्होंने 33 शतक भी लगाए हैं। इसके अलावा उन्होंने 92 वनडे मैच भी खेले हैं।

एबी डिविलियर्स दुनिया के महानतम बल्लेबाजों में एक हैं। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज ने 360 डिग्री पर शॉट लगाकर अपने खेल से क्रिकेट में बल्लेबाजी के नए आयाम जोड़े थे।

## 3 साल की फिक्स्ड डिपॉजिट पर प्राइवेट बैंक दे रहे सबसे ज्यादा ब्याज

मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा दिसंबर में होने वाली अगली मौद्रिक नीति समिति की बैठक में रेपो दर में कटौती किए जाने की उम्मीद है। अगर रेपो रेट में कटौती होगी तो एफडी पर ब्याज दरों में कमी का दौर शुरू होगा। इसलिए, फाइनेंशियल एक्सपर्ट का कहना है कि सावधि जमा पर शानदार ब्याज प्राप्त करने का यह बेहतरीन समय है। अगर आप भी एफडी में पैसा डालने की सोच रहे हैं तो हम आपको उन बैंकों की सूची दे रहे हैं, जो 3 साल की एफडी पर सबसे ज्यादा ब्याज दे रहे हैं।



**सरकारी बैंक के मुकाबले प्राइवेट में ज्यादा ब्याज**

सरकारी बैंकों की बात करें तो ब्याज दरें कुछ कम हैं। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) 3 साल की एफडी पर सामान्य नागरिकों को 6.75 प्रतिशत और वरिष्ठ नागरिकों को 7.25 प्रतिशत ब्याज दे रहा है। पंजाब नेशनल बैंक 3 साल की सावधि जमा पर आम नागरिकों को 7 प्रतिशत और वरिष्ठ नागरिकों को 7.5 प्रतिशत ब्याज दर प्रदान कर रहा है। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया तीन साल की सावधि जमा पर आम नागरिकों को 6.7 प्रतिशत और वरिष्ठ नागरिकों को 7.2 प्रतिशत ब्याज दर प्रदान करता है।

**प्राइवेट बैंक में कितना मिल रहा ब्याज**

एचडीएफसी बैंक अपने तीन साल की सावधि जमा पर सामान्य नागरिकों को 7 प्रतिशत और वरिष्ठ नागरिकों को 7.5 प्रतिशत ब्याज दे रहा है। आईसीआईसीआई बैंक भी सामान्य और वरिष्ठ नागरिकों को समान दरें यानी 7 प्रतिशत और 7.5 प्रतिशत प्रदान करता है। एक अन्य निजी ऋणदाता कोटक महिंद्रा बैंक अपने 3 साल के एफडी पर सामान्य नागरिकों को 7 प्रतिशत और वरिष्ठ नागरिकों को 7.6 प्रतिशत ब्याज दर प्रदान करता है। ये दरें 15 जून को लागू हुईं। फेडरल बैंक भी अपने 3 साल के फिक्स्ड डिपॉजिट पर सामान्य और वरिष्ठ नागरिकों को क्रमशः 7 प्रतिशत और 7.5 प्रतिशत ब्याज दर प्रदान करता है।

## हांगकांग में एशियाई क्रॉस कंट्री में भारत ने जीते 7 स्वर्ण पदक

हांगकांग

रविवार को एशियन क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में भारतीय एथलीटों ने हांगकांग गोल्फ क्लब के कोर्स पर अपना दबदबा बनाते हुए सात गोल्ड मेडल जीते, जिनमें से तीन व्यक्तिगत श्रेणियों में थे।



शीर्ष भारतीय एथलीटों ने अपने सत्र की पहली महाद्वीपीय क्रॉस कंट्री में व्यक्तिगत वर्ग में तीन रजत और एक कांस्य सहित 11 पदक जीते। भारत ने सभी चार टीम श्रेणियों- पुरुष, महिला, पुरुष अंडर 20 और महिला अंडर 20 में स्वर्ण पदक जीते।

पुरुषों की व्यक्तिगत 10 किलोमीटर स्पर्धा में जहां क्लीन स्वीप हुआ, वहीं भारतीय महिला एथलीटों ने व्यक्तिगत 10 किलोमीटर दौड़ में स्वर्ण और रजत पदक जीता लेकिन कांस्य पदक से चूक गईं।

एशियाई खेलों के पदक विजेता और 5,000 मीटर, 10,000 मीटर ट्रैक स्पर्धाओं में राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक गुलवीर सिंह पुरुषों की 10 किलोमीटर दौड़ में शीर्ष पर रहे।

उनका स्वर्ण पदक जीतने का समय 32:43 था। अभिषेक पाल 32:49 के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि अरुण राठौड़ 32:51 के समय के साथ तीसरे स्थान पर रहे। कार्तिक कुमार चौथे स्थान पर रहे।

भारत की सीमा ने 37:20 का समय लेकर हमवतन संजीवनी जाधव को पछाड़कर स्वर्ण पदक जीता। संजीवनी ने भी 37:20 का ही समय लिया और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

परिणाम:

महिला (10 किलोमीटर): सीमा 37:20, संजीवनी जाधव 37:20, ही बुगा (चीन) 38:021

महिला (अंडर 20) 6 किलोमीटर: ली युआन (चीन) 22:59, शिल्पाबेन वेलजीभाई दिहोरा (भारत) 23:04, फैंग युजिया (चीन) 23:051

पुरुष (10 किलोमीटर): गुलवीर सिंह (भारत) 32:43, अभिषेक पाल (भारत) 32:49, अरुण राठौड़ (भारत) 32:511

पुरुष (अंडर 20) 8 किलोमीटर: विनोद सिंह (भारत) 26:30, फू किगुआंग (चीन) 26:33, यू शुकिंग (चीन) 26:441

## सरसों, मूंगफली और सोयाबीन समेत कई तेलों की थोक कीमतों में आई गिरावट

मुंबई

खरीफ तिलहन फसलों की आवक बढ़ने और कल रात शिकागो एक्सचेंज के कमजोर बंद होने के कारण देश के थोक तेल-तिलहन बाजार में शनिवार को सभी तेल-तिलहन कीमतों में गिरावट रही। सरसों, मूंगफली एवं सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चे पामतेल एवं पामोलीन व बिनौला तेल के दाम गिरावट के साथ बंद हुए। शिकागो एक्सचेंज कल रात 1.5 प्रतिशत की गिरावट दर्शाता बंद हुआ था, जिसकी वजह से भी सभी तेल-तिलहन में गिरावट आई। बाजार सूत्रों ने कहा कि सहकारी संस्था नाफेड की बिकवाली के जारी रहने के साथ साथ किसानों द्वारा अपना माल निकालने से सरसों तेल-तिलहन में गिरावट है।

**मूंगफली और सोयाबीन तेल में गिरावट**

मूंगफली सहित सूरजमुखी, सोयाबीन आदि फसलें न्यूनतम समर्थन मूल्य से नीचे दाम पर बिक रही हैं, जिसकी वजह से मूंगफली और सोयाबीन तेल-तिलहन में गिरावट है। कल रात शिकागो एक्सचेंज के कमजोर रहने के असर से सीपीओ और पामोलीन तेल कीमतों में गिरावट है। गिरावट के आम रुख के अनुरूप बिनौला तेल के दाम भी टूट गये। सूत्रों ने कहा कि जो खाद्य तेल-तिलहन कारोबार के समीक्षक खाद्यतेलों के आयात शुल्क में वृद्धि के बाद खाद्यतेलों के मंहगा होने की आशंका जाहिर कर रहे थे, वह निर्मूल साबित हुई है। शुल्क वृद्धि किये जाने से पहले जो मूंगफली तेल का थोक भाव गुजरात में 146 रुपये लीटर था वह थोक भाव, शुल्क वृद्धि किये जाने के बाद अब घटकर 135 रुपये लीटर रह गया है। इसी प्रकार जो मूंगफली तेल का राजस्थान में थोक भाव पहले 130 रुपये लीटर था, वह अब घटकर 118 रुपये लीटर रह गया है। अब खुदरा में भाव अभी भी ऊंचा क्यों बिक रहा है, इसकी जवाबदेही सरकार को तय करनी होगी।

**रिटेल में क्यों नहीं घट रहे दाम**

समीक्षकों को इस विषय पर चिंता करनी चाहिये कि थोक दाम घटे तो खुदरा में दाम क्यों और कैसे नहीं घटने का नाम ले रहा है। सूत्रों ने कहा कि मंहगाई पर बेवजह हौव्वा बनाने से किसान हतोत्साहित होते हैं, क्योंकि उन्हें अपनी फसल के वाजिब दाम मिलना मुश्किल हो जाता है।

## आज का राशिफल

***मेष:*** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज कोई लाभदायक यात्रा संपन्न हो सकती है। अत्यधिक व्यस्तता के कारण घर पर तो समय व्यतीत नहीं कर पाएंगे, परंतु अपने बहुत से महत्वपूर्ण काम निपटाने में सफल होंगे।

***वृष:*** आज का दिन आपके लिए अच्छा होने वाला है। आज पास की किसी धार्मिक गतिविधि में शामिल होने के योग बन रहे हैं। आज किसी मामले में दूसरों के साथ बातचीत या सलाह करने से फायदा होगा।

***मिथुन:*** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज जो भी काम शुरू करेंगे वो समय पर पूरा हो जाएगा। आपको करियर से संबंधित नए अवसर मिलेंगे। नया व्यापार शुरू करने में बड़े भाई का सहयोग मिलेगा।

***कर्क:*** आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। आज घर के बड़ो की मदद से आपका जरूरी काम पूरा हो जाएगा। किसी रिश्तेदार से आपको कोई अच्छी खुशखबरी मिलेगी। जीवनसाथी आज आपकी हर बात समझने की कोशिश करेंगे, इससे रिश्तों में नयापन आयेगा।

***सिंह:*** आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहेगा। आज कुछ प्रभावशाली लोगों के साथ आपके दोस्ताना तालमेल बनेंगे। मेहनत के अनुरूप आपको उचित परिणाम भी हासिल होंगे। कोई भी निर्णय भावनाओं में आकर न लें, बल्कि प्रैक्टिकल तरीके से अपनी कार्यप्रणाली बनाएं।

***कन्या:*** आज आपका दिन शानदार रहेगा। परिवार के सामने आपको अपनी राय रखने का पूरा मौका मिलेगा, आपकी योजना से लोग काफी प्रभावित होंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा।

***तुला:*** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। आज रोजमर्रा के कामों में आपको ज्यादा समय लग सकता है। आज आपको कारोबार में पैसा लगाने से पहले बड़ो की राय लेना आपके लिए बेहतर साबित होगी।

***वृश्चिक:*** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपको रोजगार के नए अवसर मिल सकते हैं। आज कार्यस्थल पर सहकर्मियों से बेहतर तालमेल बनाकर रखें। आपको किसी से भी बिना वजह उलझने से बचना चाहिए।

***धनु:*** आज का दिन आपके लिए खुशियाँ लेकर आया है। आपका अपने कर्म पर विश्वास रखना, तथा मन लगाकर काम करना आपको सफलता देगा। कुछ बीती हुई गलतफहमियां दूर होने से भाइयों के साथ रिश्तों में मधुरता आएगी।

***मकर:*** आज आपका मन नई उमंगों से भरा रहेगा। हर कोई आपसे राय लेना चाहेगा। ऑफिस के लोगों में आपका रुतबा बनेगा। किसी विशेष व्यक्ति से आज आपकी बात हो सकती है। आपको आर्थिक रूप से भी लाभ मिलेगा, धन के नये स्रोत प्राप्त होंगे।

***कुंभ:*** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आज आप अपने भविष्य को बेहतर बनाने का प्लान बनाएंगे। परिवार के सदस्यों के साथ आपके रिश्ते बेहतर होंगे। आज आप पारिवारिक रिश्ते को महत्व देंगे।

***मीन:*** आज का दिन व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आज कारोबार में बाहरी लोगों के दखल से चुनौतियां रहेंगी। बेहतर होगा सब काम अपनी देखरेख में ही करवाएं। आपके पॉजिटिव विचार आपको अपने कार्यक्षेत्र में अच्छा करने के लिए प्रेरित करेंगे।

## सिंघम अगेन का जय बजरंग बली सॉन्ग आउट, हनुमान चालिसा की धुन कर देगी रोंगटे खड़े

रोहित शेट्टी की आने वाली फिल्म सिंघम अगेन का पहला गाना जय बजरंगबली रिलीज हो गया है. यह गाना हनुमान चालीसा से प्रेरित है. 1 नवंबर, 2024 को फिल्म की रिलीज से पहले जय बजरंग बली सॉन्ग को रिलीज करते हुए मेकर्स ने सिंघम अगेन को लेकर उत्सुकता जगा दी है. यह गाना शेट्टी के कॉप यूनिवर्स की परंपरा को जारी रखते हुए, फिल्म के एक्शन सीन के लिए टोन सेट करता है.



जय बजरंग बली सॉन्ग हनुमान चालीसा से प्रेरित है जो इस ट्रैक में चार चांद लगा रही है. इस ट्रैक में रणवीर सिंह को हनुमान की तरह दिखाया गया है जो अजय देवगन से मिलते हैं और सीता के रूप में करीना को वापस लाने में उनकी मदद करते हैं. ट्रैक रिलीज होते ही फैंस कमेंट सेक्शन में खूब तारीफ कर रहे हैं. एक ने लिखा- वाव सुपर डुपर हिट. एक ने लिखा- राम और हनुमान जी की जोड़ी का हम इंतजार कर रहे हैं. एक ने कमेंट किया- ब्लॉकबस्टर मूवी.

हाल ही में सिंघम अगेन का ट्रेलर रिलीज हुआ जिसे फैंस ने बहुत प्यार दिया. मेकर्स ने सिंघम अगेन का ट्रेलर 7 अक्टूबर को रिलीज किया. ट्रेलर में कलयुग के रामायण और मराठा साम्राज्य का जबरदस्त कॉम्बिनेशन देखने को मिला है. ट्रेलर में अजय देवगन जहां राम, करीना कपूर मॉर्डन सीता (आनवी), टाइगर श्रॉफ - लक्ष्मण, रणवीर सिंह- बजरंगबली, अक्षय कुमार- जटायु को रिप्रेजेंट कर रहे हैं. वहीं, अर्जुन कपूर को रावण का रोल अदा कर रहे है. दीपिका पादुकोण लेडी सिंघम के अवतार में नजर आई है. ट्रेलर देशभक्ति और गहन ड्रामा से भरपूर है. फिल्म के ट्रेलर को महज 24 घंटे के अंदर 138 मिलियन व्यूज मिले हैं और ये अब तक का सबसे बड़ा ट्रेलर भी है इसका रनटाइम 4 मिनट 58 सेकंड लंबा है.

## सुजॉय घोष की फिल्म किंग में शाहरुख खान निभाएंगे हत्यारे की भूमिका

अभिनेता शाहरुख खान पिछली बार फिल्म डंकी में देखा गया था, जिसमें उनके काम को काफी सराहा गया था85 करोड़ रुपये की लागत में बनी इस फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 212.42 करोड़ रुपये का कारोबार किया था।पिछले कुछ समय से शाहरुख अपनी आगामी फिल्म किंग को लेकर चर्चा में हैं, जिसके निर्देशन की कमान सुजॉय घोष ने संभाली है।अब इस फिल्म में शाहरुख के किरदार से जुड़ी महत्वपूर्ण खबर सामने आ रही है।



रिपोर्ट के मुताबिक, किंग में शाहरुख एक हत्यारे की भूमिका में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में वह जबरदस्त एक्शन करते दिखाई देंगे।किंग खान को एक बार फिर खलनायक के किरदार में देखने के लिए प्रशंसक उत्साहित हो गए हैं। इससे पहले उन्होंने बाजीगर, अंजाम और डर जैसी फिल्म में नकारात्मक किरदार निभाया है।

## बाहुबली 3 के लिए फिर साथ आएंगे प्रभास और एसएस राजामौली, निर्माता का खुलासा

साउथ के सुपरस्टार कहे जाने वाले प्रभास की फिल्म बाहुबली: द बिगिनिंग को 10 जुलाई, 2015 को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था, जिसकी सफलता के बाद 2017 में इस फिल्म की सीक्वल बाहुबली 2: द कन्क्लूज़न आया और इसे भी दर्शकों का खूब प्यार मिला। इन दोनों फिल्मों का निर्देशन एसएस राजामौली ने किया था।अब खबर आ रही है कि बाहुबली की तीसरी कड़ी बाहुबली 3 पर जल्द काम शुरू होने वाला है।



बाहुबली 3 के लिए प्रभास एक बार फिर राजामौली के साथ हाथ मिलाने वाले हैं।इस बात का खुलासा जाने-माने फिल्म निर्माता केई ज्ञानवेल राजा ने किया है, जो इस वक्त सूर्या, दिशा पाटनी और बॉबी देओल जैसे सितारों से सजी फिल्म कंगुवा को लेकर चर्चा में हैं।हाल ही में एक साक्षात्कार में ज्ञानवेल ने बाहुबली 3 पर मुहर लगाई। इसके साथ उन्होंने खुलासा किया कि फिल्म की कहानी पर काम जल्द शुरू हो जाएगा।

ज्ञानवेल ने कहा, फिल्म बाहुबली 3 बन रही है। पिछले हफ्ते मैंने फिल्म के निर्माताओं के साथ बातचीत की थी। उन्होंने बाहुबली और बाहुबली 2 को एक के बाद एक बनाया, लेकिन अब निर्माता कुछ अंतराल के बाद बाहुबली 3 की योजना बना रहे हैं।बता दें कि बाहुबली ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 118.7 करोड़ रुपये का कारोबार किया था, वहीं बाहुबली 2 510.99 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही।

## शब्द सामर्थ्य- 213

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुप्तबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नज़दीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | ■ | ■ | 3 | | |
| | ■ | | ■ | 4 | 5 | | ■ | ■ |
| 6 | 7 | | 8 | ■ | | ■ | ■ | 9 |
| ■ | 10 | | | ■ | 11 | 12 | 13 | |
| ■ | 14 | | ■ | 15 | | | | |
| 16 | | ■ | ■ | | ■ | ■ | | ■ |
| 17 | | | 18 | | ■ | 19 | | ■ |
| | ■ | ■ | | ■ | 20 | ■ | ■ | 21 |
| 22 | | | | ■ | 23 | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 212 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | ■ | प | स | ■ | ■ |
| जा | त | ■ | थ | प | थ | पा | ना | ■ |
| य | र | का | नी | ■ | भ्र | ■ | र | श्मि |
| ब | घा | र | ■ | क | ष्ट | प्र | द | ■ |
| ■ | त | ना | त | नी | ■ | र्व | ■ | ब |
| अ | ■ | मा | ■ | ज | मा | त | ■ | ल |
| स | जा | ■ | ■ | ■ | ■ | क | ज | रा |
| बा | ■ | बे | स | हा | रा | ■ | ग | म |
| ब | गु | ला | ■ | रा | ज | दू | त | ■ |

## सू-दोकू- 213

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 2 | | | | 1 |
| | | 5 | 1 | | | | 3 | |
| 7 | | | | 9 | | 8 | | 5 |
| | 8 | | 3 | | 7 | | 5 | |
| 2 | | 7 | | | | 1 | | 3 |
| | 4 | | | 1 | | | 8 | |
| 6 | | 2 | | | 9 | | | |
| | 5 | | 7 | | | 3 | | |
| | | 8 | | 5 | | | 6 | 7 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.212 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 5 | 9 |
| 6 | 4 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 5 | 4 | 7 | 2 | | 1 | 8 |
| 2 | 6 | 3 | 1 | 9 | 7 | 6 | 8 | 4 |
| 5 | 7 | 8 | 3 | 6 | 4 | 1 | 9 | 2 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 7 |
| 8 | 2 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 | 4 | 5 |